झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.

e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023

विज्ञापन संख्या–13/2023

आवश्यक सूचना–18

दिनांक–05.02.2024

1. माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा याचिका संख्या W.P(PIL) No. 2785/2023, झारखण्डी सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ बनाम राज्य सरकार एवं अन्य, W.P(C) No. 5559/2022, सूरज बिहारी मंडल एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य, W.P(C) No. 5697/2022, मोतीलाल लायक एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य, W.P(C) No. 1936/2023 आशा कुमारी एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य, इन वादों में दिनांक 20.12.2023 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में झारखण्ड राज्य के वैसे स्थानीय निवासी जो सीटेट अथवा पड़ोसी राज्य से टेट उत्तीर्ण हैं और झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 में सम्मिलित होने के इच्छुक हैं, से उपरोक्त परीक्षा अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन दिनांक–19.01.2024 से दिनांक–26.01.2024 तक प्राप्त किए गए हैं, जो समीक्षा अन्तर्गत हैं।

2. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार की अधिसूचना संख्या–15/नि० 01–02/2021–127, दिनांक–29.01.2024 के द्वारा अधिसूचित झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय सहायक आचार्य संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त्त) (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2024 द्वारा झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 से संबंधित नियुक्ति नियमावली यथा–सहायक आचार्य संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त्त) नियमावली, 2022 (यथा संशोधित) के शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक एवं अन्य अहर्त्ताओं को संशोधित किया गया है।

3. संशोधित प्रावधानों से अभ्यर्थियों की पात्रता पर पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा की जा रही है। वर्णित स्थिति में दिनांक 10.02.2024 से संभवित झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के परीक्षा कार्यक्रम का पुनर्नियोजन आवश्यक हो गया है। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम उपरोक्त अनुसार नए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् नए अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार परीक्षा–दिवसों की आवश्यकता का आकलन कर यथाशीघ्र प्रकाशित की जाएगी।

ह०/–

परीक्षा नियंत्रक।